प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के देहरा में केएफडब्ल्यू परियोजना के तहत बेहतर कार्य करने वाली कांगड़ा व चंबा जिला की ग्राम वन प्रबंधन समितियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा व चम्बा ज़िलों में 3 सौ 7 वन विकास समितियों ने इस परियोजना के तहत योजना बनाने, उसे क्रियान्वित करने और निगरानी का काम किया। उन्होंने कहा कि वनों का संरक्षण न केवल जलवायु संतुलन के लिए आवश्यक है बल्कि यह नदियों के उद्गम, मिट्टी कटाव की रोकथाम, जैव विविधता की सुरक्षा और लाखों लोगों के जीविका उपार्जन से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश का वन क्षेत्र लगभग 15 हजार 4 सौ 43 वर्ग किलोमीटर आंका गया है जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 28 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ती आबादी, विकास कार्यों व जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के कारण हमारे वन संसाधनों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है और इन चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य सरकार ने वन विभाग के माध्यम से सतत् और वैज्ञानिक पद्धति से वन प्रबंधन की रणनीति अपनाई हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से प्रकृति और वनों के संरक्षण के अभियान में आगे आने का आह्वान भी किया।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का संदेश लेकर विश्व के देशों में गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार प्रतिनिधिमंडल सफल यात्रा के बाद भारत लौट आए हैं। इस दौरान, इन प्रतिनिधिमंडलों ने विदेशी नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली थिंक टैंक, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन का दौरा करने के बाद आज भारत लौटा। जनता दल सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और इंडोनेशिया की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करके स्वदेश आ गयाहै। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का संदेश यह था कि पूरा देश आतंकवादके मुद्दे पर एकजुट है।

*ऑल पार्टी डेलीगेशन जाने से सरकार जो भेजी उसका एक बड़ा मैसेज सब लोगों को जरूर ये लगा कि  पूरा देश इस समय एक साथ है टेररिज़म के खिलाफ और सारी पार्टी के लोग एक वॉयस में बात कर रहे है ।*

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में संसदीय प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में बेल्जियम के यूरोपीय संघ के मुख्यालय के दौरे पर है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश के राजकीय  स्कूलों में अब तक शिक्षकों के लगभग 6 हजार पद भरे जा चुके हैं और जल्द ही राज्य चयन आयोग के माध्यम से 3 हजार से अधिक और पद भरे जाएंगे जिसकी चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मण्डी जिले के चैलचौक में आज एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कठिन वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद भी इस वित्त वर्ष में शिक्षा क्षेत्र के लिए करीब 8 हजार 9 सौ 50 करोड़ रूपए का बजट आबंटित किया गया है। इससे पहले रोहित ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय बासा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड़ का निरीक्षण भी किया।

हिमस्खलन

चम्बा जिला के साच पास दर्रे पर कल देर शाम अचानक हुई बर्फबारी व हिमस्खलन के चलते कुछ वाहन फंस गए जिनमें पर्यटक व स्थानीय लोग शामिल थे। चम्बा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि साच दर्रे पर बर्फबारी के कारण फंसे करीब 35 पर्यटकों व स्थानीय लोगों को कल देर रात रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है जबकि करीब अन्य 10 लोगों को आज शाम तक रेस्क्यू कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जब तक रास्ता नहीं खुलता तब तक बैरागढ़ चेक पोस्ट और पांगी की तरफ से वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित की गई है।

---